RNI NO. - CHHHIN/2011/38292

13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 14 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह

Bharatsamman.com   Bharat samman   Bharat Samman

हो जाओ सावधान



वर्ष-14 अंक-24 | अम्बिकापुर, शुक्रवार, 03 मई 2024 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# गलवान की तरह शक्सगाम घाटी में चीन ने रची साजिश

# भारत ने कहा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और चीन की नापाक गठजोड़ बनाकर भारत के खिलाफ साजिश कर रहा है। चीन ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित शक्सगाम घाटी में अवैध सड़क निर्माण कर रहा है। इसे लेकर भारत ने कड़ा एतराज जताया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पीओके में स्थित शक्सगाम घाटी भारत का अभिन्न अंग है। भारत चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते को स्वीकार नहीं करता है। 1963 में पाकिस्तान ने इस इलाके को पाकिस्तान को सौंपने का प्रयास किया था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने साफ कहा कि हम शक्सगाम घाटी को अपना क्षेत्र मानते हैं। हमने 1963 का तथाकथित चीन-पाकिस्तान सीमा समझौता कभी भी स्वीकार नहीं किया है। इसके माध्यम से ही पाकिस्तान ने अवैध रूप से इस क्षेत्र को चीन को सौंपने का प्रयास किया था। हमने लगातार इस समझौते को खारिज किया है। हमने जमीनी स्तर पर तथ्यों को बदलने के अवैध प्रयासों के खिलाफ चीनी पक्ष के साथ अपना विरोध दर्ज कराया है। हम अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। किसी भी बाहरी खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। सियाचिन और शक्सगाम घाटी में हमारी पैनी नजर है और वह अपने हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएंगे।



### उपग्रह से पता चली चीनी हरकत

भारतीय उपग्रहों की रिपोर्ट से भारत को चीनी हरकत के बारे में पता चला। उपग्रह के चित्रों में पाया गया है कि चीन सियाचिन ग्लेशियर के पास शक्सगाम घाटी में अवैध रूप से सड़क निर्माण कर रहा है। इसके बाद भारत ने इस निर्माण पर आपत्ति जताई है व कहा है कि शक्सगाम घाटी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर का हिस्सा है और यह पूरा ही हिस्सा हमारा है। भारत ने कहा कि अगर चीन की हरकत बंद नहीं हुए तो अपनी हितों के रक्षा के लिए भारत के पास अधिकार सुरक्षित है। अपनी सुरक्षा के लिए हर कदम उठाएगा।

### सियाचिन पर लहरा रहा है भारत का सबसे ऊँचा तिरंगा

दुनिया का सबसे ऊँचा युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर भारत का तिरंगा लहरा रहा है। यह क्षेत्र रणनीतिक रूप से बहुत ही अहम है। इस पर भारत और पाकिस्तान दोनों इस क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं। चीन द्वारा शक्सगाम घाटी में सड़क निर्माण से इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने की आशंका है।

## बीजेपीअध्यक्ष ने बताया लालू यादव की पार्टी का फूलफॉर्म, बोले- आरजेडी का मतलब रिश्वतखोर, जंगलराज, दलदल

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और परिवारवाद पर विरोधियों को घेरते हुए राजद और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक तरफ मोदी जी हैं जो सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का काम कर रहे हैं, दूसरी ओर राजद और कांग्रेस है जो लूट, कुशासन और खुद के परिवार के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। इस चुनाव में आपको तय करना है कि आप किसको सत्ता देना चाहते हैं। बिहार के अररिया में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कोरोना काल की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा



लॉकडाउन को लेकर लिए फैसले की तारीफ की और बताया कि जब दूसरे देश कन्फ्यूज थे तब भारत सरकार किस तरह अपने देश के लोगों की जान बचाने के लिए ठोस फैसले ले रही थी। उन्होंने कहा कि पहले प्रधानमंत्री ने कहा कि जान है तो जहान है, इसके बाद जब लॉकडाउन हटाया तो कहा कि जान भी है जहान भी है। विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, इन्होंने पहले टीके का विरोध किया और फिर चुपके से खुद ले रहे थे। पीएम मोदी ने नौ महीने में टीका लाकर देशवासियों को बचाने का काम किया गया। 100 से ज्यादा देशों को टीका उपलब्ध करवाया, जिसमें 48 देशों को मुफ्त में दिया गया। मोदी जी के नेतृत्व में भारत मांगने वाला नहीं, देने वाला बन गया। अररिया से भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह को वोट देने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि एक तरह भ्रष्टाचार करने वालों को जेल भेजने वाला कुनबा है, दूसरी तरफ भ्रष्टाचार करने वाले को बचाने वालों का गठबंधन है। नड्डा ने राजद का मतलब बताते हुए कहा, ये रिश्वतखोर, जंगलराज, दलदल है। इंडी गठबंधन घमंडिया भ्रष्टाचारियों का कुनबा है। इसमें आधे बेल पर और आधे जेल में हैं। इन लोगों को राम मंदिर से परेशानी थी। आज मोदी जी ने राम मंदिर बनवाया। आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के पांचवें नंबर पर पहुंच गई, तीसरी बार मोदी जी प्रधानमंत्री बने तो दो साल के अंदर यह तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगी।

## भाजपा ने बृजभूषण सिंह के बेटे को दिया टिकट, रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह को बनाया उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** भाजपा ने उत्तर प्रदेश के कैसरगंज लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर उनके बेटे करण भूषण सिंह को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। पार्टी ने इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल लोकसभा सीट रायबरेली से अपने उम्मीदवार का नाम भी घोषित कर दिया है। पार्टी ने योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को रायबरेली से लोकसभा उम्मीदवार घोषित कर दिया है। पार्टी ने गुरुवार को लोकसभा उम्मीदवारों की 17 वीं सूची जारी कर इन दोनों उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। वहीं इसके साथ ही भाजपा ने ओडिशा विधानसभा चुनाव को लेकर भी अपने 6 उम्मीदवारों की पांचवी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने घासीपुरा विधानसभा से शंभूनाथ राउत, भोगराई से आशीष पात्रा, भंडारीपोखरि से सुधांशु नायक, बरी से उमेश चंद्र जेना, बाराबती कटक से पूर्णचंद्र महापात्र और बेगुनिया विधानसभा से प्रकाश चंद्र रणबिजुली को चुनावी मैदान में उतारा है।



13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

'सत्ता की चाटुकारिता नहीं जनपक्षीय पत्रकारिता'

आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

भारत सम्मान

इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

इन पदों में होंगे नियुक्त...

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 09303890212 पर भेजें।

नोट

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं

2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

### रेल ट्रैक से उतरे मालगाड़ी के डिब्बे, प्रशासन में मची अफरा-तफरी; कई ट्रेनों का परिचालन बाधित

**दरभंगा।** दरभंगा के बेला मोड़ स्थित रैक प्वाइंट पर बुधवार देर रात मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण रेल परिचालन बाधित है। साथ ही बेला- मनीगाछी रूट पूर्णतः बाधित हो गया है। अब तक सिर्फ एक बोगी को पटरी पर लाया गया है। सूत्रों के मुताबिक बुधवार की रात लगभग 9:00 बजे बेला रेक पॉइंट पर लोडेड मालगाड़ी की तीन बोगी अचानक में पटरी से उतर गई। जानकारी के मुताबिक, घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी अभियंताओं के एक दल के साथ मौके पर पहुंच कर पटरी को दुरुस्त करने के प्रयास में लगे है। दुर्घटना के बाद से अप लाइन से कुछ गाड़ियों को पास कराया जा रहा है। घटना के कारणों की जांच की जांच की जा रही है।

## आम तौर पर जारी नहीं किये जा सकते गैर-जमानती वारंट : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक हालिया फैसले में कहा है कि गैर-जमानती वारंट आम तौर पर जारी नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि आरोपी पर कोई संगीन आपराधिक आरोप न हो और उसके कानूनी प्रक्रिया को प्रभावित करने या सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका न हो। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि हालांकि गैर-जमानती वारंट जारी करने के बारे में कोई विस्तृत दिशा-निर्देश नहीं है, शीर्ष अदालत ने कई मौकों पर टिप्पणी की है कि गैर-जमानती वारंट तब तक जारी नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि आरोपी पर कोई संगीन आपराधिक आरोप न हो और उसके कानूनी प्रक्रिया को प्रभावित करने या सबूतों से छेड़छाड़ अथवा उसे नष्ट करने की आशंका न हो। खंडपीठ में न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने समन के आदेश को रद्द करते हुए कहा, इस संबंध में कानून में स्थिति स्पष्ट है कि गैर-



जमानती वारंट आम तौर पर जारी नहीं किया जाना चाहिए और किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता को तब तक प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि समाज और राष्ट्र के व्यापक हित में ऐसा करना जरूरी न हो। लखनऊ के विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 2021 में मैनेजर सिंह के खिलाफ यह कहते हुए गैर-जमानती वारंट जारी किया था कि जमानत से पहले निजी रूप से अदालत के समक्ष उपस्थित होने से छूट का कोई प्रावधान नहीं है। एक अन्य आदेश में कहा गया था कि चूंकि जमानती वारंट जारी करने के बाद भी आरोपी उपस्थित नहीं हुआ, इसलिए निजी रूप से उसकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए गैर-जमानती वारंट जारी किया जाता है। शीर्ष अदालत ने कहा, यह टिप्पणी कि जमानत से पहले निजी रूप से अदालत के समक्ष उपस्थित होने से छूट का कोई प्रावधान नहीं है, सही नहीं है। (दंड प्रक्रिया) संहिता की निजी पेशी से छूट की शक्ति की व्याख्या इस तरह से नहीं की जानी चाहिए कि यह आरोपी को जमानत मिलने के बाद ही लागू हो सकता है। मेनका संजय गांधी और अन्य बनाम रानी जेठमलानी के मामले में इस अदालत ने कहा था कि जब तथ्य तथा परिस्थितियों के मद्देनजर इस तरह की छूट की जरूरत हो तो निजी पेशी से छूट की शक्ति का उदारतापूर्वक इस्तेमाल किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट से उसके आदेश में की गई टिप्पणी के सिलसिले में पूरे मामले पर पुनर्विचार करने और कानून के अनुसार कार्रवाई करने के लिए कहा। उसने ट्रायल कोर्ट द्वारा तय शर्तों पर आरोपी मैनेजर सिंह को जमानत पर रिहा करने का भी आदेश दिया।

## संपादकीय

### इंतजामों को अधिक सक्रिय करने की जरूरत

हमारे देश के वनों में गर्मियों के दिनों में आग लगना एक लगातार सिलसिला है। अप्रैल का महीना शुरू हुआ कि आग से जंगल धधकने लगते हैं। जंगल की आग पर्यावरण की दृष्टि से तो खतरनाक है ही जनजीवन और बायोडायर्वसटी की दृष्टि से भी हानिकारक है। ऐसे समय में जब जंगलों में आग लगती है तो देखा गया है कि उसकी तैयारी में सरकार विफल रही है। देश के वनों में अप्रैल माह में आग की घटनाओं को देखें तो देश में हाल फिलहाल 361 जगह वनों में आग लगी हैं। इन घटनाओं की निगरानी को फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की साइट पर लांच बीटा संस्करण एसएनपीपी - वीआईआईआरएस का 10 अप्रैल, 2024 का भारत के वनों में लगी भीषण आग का मौजूद आंकड़ा बताता है कि सबसे अधिक आंध्र प्रदेश में 122, तेलंगाना में 55, छत्तीसगढ़ में 47, उत्तराखंड में 32, बिहार में 23, ओडिसा में 22, उत्तर प्रदेश में 17 सहित 21 राज्यों में 361 जगह आग लगी थी जो 13 अप्रैल को घट कर काबू होने के बाद 33 रह गई। 1अप्रैल को देश के वनों में 132 बड़ी आग लगी थी जो 10 अप्रैल को 361 जगह तक पहुंच गई है। अप्रैल माह में पिछले 7 दिनों का आंकड़ा देखें तो एक्टिव आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में छत्तीसगढ़ में 166, आंध्र प्रदेश में 248, मध्य प्रदेश में 207, ओडिसा में 146 और असम में 139 जगहों पर बड़ी आग लगी। वहीं 1 नवम्बर, 2023 से 2024 में बड़ी आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में आंध्र प्रदेश में 860, मध्य प्रदेश में 719, तेलंगाना 688, महाराष्ट्र में 547 और छत्तीसगढ़ में 527 बार आग लगी, जबकि वर्ष 2022-2023 में तो पूरे देश के वनों में 12562 आग की घटनाएं हुई। जंगल की आग से वनों का क्षरण तो होता ही है बहुमूल्य वन संपदा और कार्बन भी नष्ट हो जाते हैं। वनों का पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित होता है। यह देखा गया है फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार जंगल की आग को मॉनिटर करने के लिए भारत में 2004 से शुरू सेटेलाइट की रिमोट सेंसिंग मोडिस अर्थात मॉडरेट रेजोल्यूशन इमेजिंग स्पेक्ट्रो रेडियोमीटर सेंसर और 2017 से भारतीय सेटेलाइट से सम्पूर्ण भारत में एसएनपीपी-वीआई आई आरएस अर्थात सुओमी-नेशनल पोलर आर्बिटिंग पार्टनरशिप-विजिबल इंफ्रारेड इमेजिंग रेडियोमीटर सूट के साथ जीआईएस टूल्स की मदद से वनों की आग को मॉनिटर किया जा रहा है। देश का कुल 32,87,469 वर्ग किलोमीटर भौगोलिक क्षेत्र है। नवीनतम आईएसएफआर 2021 के अनुसार देश का कुल 7,13,789 वर्ग किलोमीटर वन आवरण है। जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 21.71 प्रतिशत है। वन सर्वे ऑफ इंडिया का अनुमान है कि देश में 36 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र में बार-बार आग लगती रहती है। देश के करीब 4 प्रतिशत वन क्षेत्र में अधिक तो 6 प्रतिशत भाग में सबसे अधिक खतरा पाया गया है। ग्लोबल फॉरेस्ट वाच के अनुसार विश्व स्तर पर आग से वर्ष 2001 से 2022 के बीच 126 मिलियन हेक्टेयर वनों का नुकसान हुआ। इनमें वर्ष 2016 ऐसा वर्ष रहा जिसमें आग से सबसे अधिक 9.63 मिलियन हेक्टेयर वन आवरण का नुकसान हुआ। पिछले कुछ दशकों में आग की घटनाओं को देखें तो 2001 से 2022 के बीच भारत में आग की घटनाओं से 35.9 हेक्टेयर वृक्ष आवरण को नुकसान और 2.15 मेगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण का नुकसान अन्य कारणों से हुआ। इसमें भी 2008 में आग से सबसे अधिक कुल 3.5 प्रतिशत वृक्ष आवरण का नुकसान हुआ। अगर 12 अप्रैल 2021 से 8 अप्रैल 2024 के बीच आज की घटनाओं की बात की जाए तो 5,29,248 ङ्कढ्ढक्र के माध्यम से बड़ी आज की घटनाएं रिपोर्ट की गई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार विश्व में हर वर्ष करीब 7 करोड़ हेक्टेयर वन क्षेत्र आग लगने की घटनाओं से प्रभावित होता है। इससे बड़े स्तर पर पर्यावरणीय और आर्थिक क्षति होती है। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के अनुसार विश्व में सन 2010 में 3.92 गीगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण था जो पृथ्वी के 30 प्रतिशत से अधिक भू-भाग में फैला हुआ था, लेकिन 2023 में विभिन्न कारणों से 28.3 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आवरण कम हो गया। सन 2001 से 2023 तक वैश्विक स्तर पर 488 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आवरण की हानि हुई जो 2000 के बाद से वृक्ष आवरण में 12 प्रतिशत की कमी के बराबर है, जबकि सन 2002 से 2023 के बीच कुल 76.3 मिलियन हेक्टेयर आद्र प्राथमिक वन कम हो गया। भारत की बात करें तो सन 2010 में 31.3 मिलियन हेक्टर प्राकृतिक वन थे जो कि इसकी कुल भूमि का 11 फीसद था, लेकिन वर्ष 2023 में 134 किलो हेक्टेयर आद्र प्राकृतिक वन की हानि हो गई। वर्ष 2002 से 2023 के बीच भारत में 414 हेक्टेयर आद्र प्राथमिक वन खो दिए। इस तरह भारत में कुल 4.1 प्रतिशत वन क्षेत्रफल कम हो गया। जिसमें 2016 और 2017 में अधिक हानि हुई। वनों में आग लगने से बड़े पैमाने पर मानवीय, पर्यावरण और आर्थिक हानि होती है। इसलिए आग फैलने से रोकना बहुत ही जरूरी है। वनों की आग को नियंत्रित करने में वही पुराने साधन और संसाधनों से आग काबू पाने के लिए राज्यों के महकमे लगे हुए हैं। तकनीक से हम बेहतर तरीके से मॉनिटर कर पा रहे हैं, लेकिन विकसित देशों की तरह वनों की आग को काबू पाने के इंतजामों को अधिक सक्रिय करने की जरूरत है।

# पूर्व विधायक प्रकाश नायक ने पी लिया फिनायल, इलाज के बाद वापस पहुंचे घर

## छोटे भाई कैलाश के भाजपा प्रवेश के कारण उठाया कदम

**रायगढ़।** रायगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता प्रकाश नायक ने कल अचानक फिनायल पीकर जान देने की कोशिश की। लेकिन समय रहते उन्हें एक निजी अस्पताल में ले जाया गया और वहां करीब एक घंटे बाद इलाज से मिली राहत के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छोटे भाई कैलाश नायक जो वर्तमान में जिला पंचायत के सदस्य भी हैं उन्होंने कोरबा जाकर प्रदेश के वित्त मंत्री तथा रायगढ़ विधायक ओपी चैधरी के सामने भाजपा प्रवेश कर लिया। इतना ही नही उनके साथ करीब एक दर्जन से भी अधिक साथी भी भाजपा में शामिल हो गए। यह घटना प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायगढ़ रहते घटी



और वह भी उस समय जब वे पूर्व विधायक प्रकाश नायक के घर में बोरे बासी खाने गए थे।

जानकार सूत्र बताते हैं कि जिस समय कैलाश नायक भाजपा में शामिल हो रहे थे उसी दौरान पूर्व विधायक प्रकाश नायक के घर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के कई बड़े नेता पहुंचे थे। साथ ही साथ पूर्व विधायक प्रकाश नायक के घर में बोरे बासी का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ था। उनके घर में रहते पूर्व विधायक को खबर मिलती है कि उनके छोटे भाई कैलाश नायक ने भाजपा प्रवेश कर लिया है यह खबर मिलने के बाद उन्हें बेहद सदमा लगा और जैसे ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा बाकी नेता रवाना हुए तो घर में उन्होंने आत्मघाती कदम उठाते हुए फिनायल पी लिया। इसकी खबर घर में मौजूद सदस्यों को मिलने के बाद तत्काल उन्हें निजी चिकित्सालय ले जाया गया जहां वे खतरे से बाहर थे और उनका इलाज करने के बाद छुट्टी दे दी गई। इस घटना के बाद कांग्रेस के पदाधिकारी इसकी पुष्टि तो करते हैं लेकिन कारण क्या है यह बताने से कतराते रहे। बहरहाल पूर्व विधायक प्रकाश नायक अभी घर में आराम कर रहे हैं और उनकी तबियत भी धीरे-धीरे सुधर रही है लेकिन वे किसी से न तो बात कर रहे है और न ही मिलने का समय दे रहे हैं। देखना यह है कि लोकसभा चुनाव के समय अचानक उनके छोटे भाई जो जिला पंचायत सदस्य भी हैं उनका भाजपा प्रवेश होनें के बाद अब प्रकाश नायक कौन सी रणनीति अपनाते हैं।

## मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या साय ने भाजपा नेता हेमचंद्र गुप्ता की बेटी की शादी में की शिरकत, नवदंपति को आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी

**रायगढ़।** ग्राम जकेला के वरिष्ठ भाजपा नेता हेमचंद गुप्ता की सुपुत्री एवं युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष ओमकार गुप्ता की बहन हेमंद्री गुप्ता जी की वैवाहिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या विष्णु देव साय एवं रायगढ़ के पूर्व विधायक विजय अग्रवाल सम्मिलित हुए। शादी समारोह कार्यक्रम पुसौर में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय जी ने हेमंद्री गुप्ता को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शादी की सभी रस्में में शामिल होकर श्रीमती कौशल्या साय ने परिवार के सभी सदस्यों से



मुलाकात कर शादी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वही शादी समारोह में शामिल होकर रायगढ़ के पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने वर एवं वधु को आशीर्वाद दिए व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष मोहित सतपथी, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल के पुत्र पावन अग्रवाल, सत्येंद्र ठाकुर, रामपुकार सिंह ठाकुर, मुक्तेश्वर पंडा, श्रीमती पूनम सोलंकी,खेमराज नायक सहित कुटंबीजनों, पारिवारिक मित्रों व रिश्तेदारों समेत राजनीतिक,सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, पत्रकारों ने विवाह समारोह में शिरकत कर नव दंपत्ति को बधाई देते हुए दोनों के सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की।

## श्रमिक दिवस पर युवा संकल्प ने किया प्याऊ का शुभारंभ



**रायगढ़।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप से आम जनता की प्यास बुझाने के लिए युवा संकल्प के द्वारा बेहद ही सकारात्मक प्रयाश किया गया और मिनीमाता चौंक रायगढ़ के बस स्टैंड में पेय जल की व्यवस्था की गई है। जहां दिन भर शीतल पेय जल उपलब्ध रहेगा। जिला मुख्यालय से कुछ ही दूर मिनीमाता चौंक बस स्टैंड जहां पुसौर सरिया व ठुह्लश्च ओडिसा जाने वाले राहगीरों का आना जाना लगा रहता है। तो उन्हें भारी मात्रा में लाभ मिलेगा।

युवा संकल्प के तत्वावधान में स्थित पेय जल जो श्रमिक भाइयों के दिवस 1 मई अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य पर रखा गया था। जहां हमारे मजदूर किसान भाइयों को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाकर उनके कर कमलों से इस युवा संकल्प के पियाऊ घर का कार्यक्रम का फीता काटकर ओपनिंग करवाया गया तथा छत्तीसगढ़ का छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गमछा पहनाकर उन्हें सम्मान दिया सभी मजदूर भाई इस सम्मान से भाव- विभोर हो गए फिर कार्यक्रम के अंतिम में भारत के भाग्य विधाताओ का धन्यवाद ज्ञापित किया गया जिस तरह वे खेतों घरों या अन्यत्र कंस्ट्रक्शन के काम करके हमारे लिए घर,अनाज,दुकान इत्यादि सुविधा तैयार करते हैं। युवा संकल्प के पदाधिकारियों ने बताया कि पेय जल खोलने के पीछे हमारा उद्देश्य बस नर सेवा है क्योंकि नर सेवा ही नारायण सेवा है और इस भीषण गर्मी के दिनों में नर और नीर का क्या योगदान रहता है इसे हम भलीभाँति परिचित हैं।

इस कार्यक्रम में नगर पालिक निगम व आसपास के सभी विशेष व्यापारी श्री स्याम ट्रेडर्स, सुरेश भट्ठीमार चाचा व मोहल्ले वासियों मुकेश चौहान व दुर्वासा भैया ,अंकित बेहरा ,शेखर श्रीवास व रजत शर्मा का व सभी का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर से सहयोग प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष बानू खूँटे,उपाध्यक्ष सुजीत लहरे,रजत शर्मा,शंकर महिलान, पीयूष चौबल,रिंकुभाईजान,अंकित बेहरा,सोमेश कश्यप,मुकेश कुमार,चंदन सोनी,शेखर श्रीवास,विजय चौहान,उज्जवल साहू,दुर्भशा सहा,सुनील चौहान,मन्नू दिवांशु टंडन,लक्की यादव,शंकर चौहान,मुकेश चौहान,गोलू जायसवाल,गुलसन मैत्री, एवम अन्य युवा संकल्पी उपस्थित थे।




## कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के प्रोफेसर बर्खास्त

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के प्रोफेसर शाहिद अली को कुलपति ने बर्खास्त कर दिया है. यूनिवर्सिटी के कुलपति बलदेव शर्मा ने बीते 27 मार्च को यह आदेश जारी किया था. आदेश की तिथि से ही जनसंचार के विभागाध्यक्ष शाहिद अली को विश्विद्यालय ने उनकी सेवाएं समाप्त कर दी है। बता दें कि विश्वविद्यालय की जांच में पता चला कि शाहीद अली प्रोफेसर पद की नियुक्ति के लिए पात्र नहीं थे. उनका जवाब भी संतोषप्रद नहीं था. गुरुघासीदास विश्वविद्यालय ने भी उनका अनुभव प्रमाणपत्र जारी करने से इंकार कर दिया है. इसके चलते उन्हें बर्खास्त कर दिया गया है।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा मजबूत, नया रिकॉर्ड मनाएंगे: अनुज शर्मा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा के तीसरे चरण का मतदान की तारीख सामने आ चुकी है। 7 मई को छत्तीसगढ़ के 7 सीटों पर वोटिंग होगी। चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारियां ज़ोरों पर है। वहीं चुनावी तैयारियों को लेकर विधायक अनुज शर्मा ने बड़ा बयान दिया है। विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि, हम



हर सीट पर मजबूत हैं। प्रदेश में 11 की 11 सीट हम जीत रहे हैं। हमारा प्रत्याशी पहले तय नहीं होता है, लेकिन हमारे कार्यकर्ता जमीन पर आ जाते हैं, काम करना शुरू कर देते हैं। हमारा कार्यालय पहले खुल जाता है। हमारे पार्टी का काम पहले शुरू हो जाता है, प्रत्याशी बाद में तय होता है। यह हमारी बीजेपी की नीति है। हम जिस कार्यलय में बैठे हैं, इस कार्यालय का उद्घाटन पहले हो चुका था। हम लोगों की पहले से ही तैयारी रहती है। हम अपने पिछले परफॉर्मेंस को और बेहतर करने के लिए की कोशिश करते हैं। रायपुर लोकसभा से हम लोग नया रिकार्ड बनाने वाले हैं। बृजमोहन अग्रवाल रायपुर सीट से ऐतिहासिक वोटों से जीतेंगे। यह जीत इतनी बड़ी मार्जिन से होगी कि, कभी इतने बड़े मार्जिन से नहीं जीते होंगे। इतने बड़े मार्जिन से रायपुर की जीत होगी।

## डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने दिखाई संवेदनशीलता, छत्तीसगढ़ में टीबी मरीजों के लिए अब पर्याप्त दवाइयां

**रायपुर।** लगभग डेढ़ माह से पूरे राज्य में नेशनल टीवी उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत टीबी मरीजों के उपचार के लिए दवाइयों की कमी हो गई थी. इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विषय की



गंभीरता एवं मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए संवेदनशीलता का परिचय दिया है. एक मई से राज्य स्तर पर टीबी की दवाइयों का भंडारण कर लिया गया है। दवाइयों की कमी को दूर करने डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों एवं केंद्र स्तर के अधिकारियों से संपर्क स्थापित किया. दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर उक्त समस्या का समाधान करने का प्रयास किया. इसके परिणाम स्वरूप 1 मई से राज्य स्तर पर टीबी की दवाइयों का भंडारण किया गया है। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के सभी टीबी यूनिट में दवाइयों की उपलब्धता आगामी 3 माह के लिए भंडारण के लिए भेजे जाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है. सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि सभी उपचाररत टीबी मरीजों को दवाइयां उपलब्ध कराई जाए.

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS



# शहर के एक मकान में तेंदुआ खाल के अलावा एयरगन बरामद

**रायगढ़।** रायगढ़ जिला मुख्यालय में गुरूवार की दोपहर वन विभाग और सिटी कोतवाली की टीम ने सत्तीगुड़ी चैक के पास स्थित एक मकान में छापामार कार्रवाई करते हुए तेंदुए की खाल के अलावा एक एयरगन बरामद किया है। इस मामले में वन विभाग की टीम आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली की सत्तीगुड़ी चैक निवासी आकाश वर्मा के घर पर बाघ की खाल मौजूद है। सूचना मिलने पर वन विभाग और कोतवाली पुलिस की टीम सर्च वारंट जारी कर मौके पर पहुंची। जहां टीम के पहुंचने से पहले ही आकाश वर्मा घर से फरार हो गया था। जिसके बाद उसके परिजनों की सहमति से टीम ने घर की तलाशी शुरू की तो घर के अंदर बाथरूम के ऊपर के एक सेक्शन पर कार्टून के अंदर तेंदुए की खाल मिली। प्रारंभिक जांच के दौरान खाल की लंबाई करीबन 5 फीट बताई गई है।

### हाल फिलहाल का हो सकता है खाल

बताया जा रहा है कि तेंदुए का शिकार कुछ दिनों पहले ही किया गया है। चूंकि तेंदुए की खाल पूरी तरीके से सूखा नहीं है। जांच के दौरान अभी यह खुलासा नहीं हो पाया है कि तेंदुए की खाल को कहां से लाया गया है और कहां इसका शिकार किया गया और कहां इसको भेजा जाना था। वन विभाग मामले की जांच में जुटी हुई है। आकाश वर्मा के पूछताछ के बाद ही इस पूरे मामले का खुलासा हो सकता है।



### फारेसिंक टेस्ट के लिये भेजा जाएगा खाल

गुरूवार की दोपहर वन विभाग की टीम ने शहर के मध्य स्थित एक मकान में छापामार कार्रवाई करते हुए एक मकान से जो तेंदुए की खाल बरामद की है। वह कब की है और कितने दिन पुरानी है इस बात की जांच के लिये खाल को फोरेसिंक टेस्ट के लिये भेजा जाएगा।

### क्या कहती हैं रेंजर

इस संबंध में रायगढ़ रेंज की रेंजर श्रीमती लीला पटेल ने बताया कि आकाश वर्मा के नाम से सर्च वारंट जारी हुआ था, मुखबिर के जरिये हमे सूचना मिली थी कि यहां तेंदुआ या फिर टाइगर की खाल है। जिसके तहत हमने सत्तीगुड़ी चैक के पास स्थित उनके घर में सर्च वारंट के तहत तलाशी ली। जहां हमे तेंदुए का साबूत खाल मिला, इसके अलावा एक एयर पिस्टल मिला है। इस मामले में वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## सार-समाचार

### बाराती बग्गी में रखे जेवर व नकदी रकम के बैग पार

**रायपुर।** बारात जाते समय बग्गी में जेवर व नकदी रकम से भरे बैग को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ईश्वर प्रसाद हरीत 62 वर्ष हर्षित नगर टाटीबंध का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के बेटे के शादी में बग्गी में सवार होकर दुल्हा बारात जा रहा था, तभी सुमीत बाजार के पास लाखेनगर में अज्ञात चोर ने बग्गी में रखे बैग को पार कर दिया। बैग में सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी 50 हजार रुपए रखा था। चोरी गए जुमला कीमती करीब 3 लाख 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शराब दुकान के पास से बाइक पार

**रायपुर।** गोकुल नगर शराब दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कृष्ण कुमार कोसले 41 वर्ष नवागांव राखी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचपी 8053 को गोकुल नगर शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर।** आमानाका छुईया तालाब के पास पैसे के लेन-देन को लेकर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी निशांत कुमार पांडे 26 वर्ष हीरापुर कबीरनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी छुईया तालाब के तरफ गया था, तभी आरोपी प्रवीण सिंह अपने दोस्त के साथ आया और उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### चिकन पार्टी के दौरान युवक की हत्या, सहआरोपी गिरफ्तार

**पाली।** पाली के चिखली चौकी के शकरपुर मदरसा मैदान में युवक से मारपीट कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने सहआरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। मिली जानकारी के अनुसार रामनगर ओपी चिखली निवासी प्रार्थी दिनेश साहू 32 वर्ष ने थाना में शिकायत किया था, कि 24 अप्रैली के रात शकरपुर मदरसा मैदान के पास ईश्वर साहू के घर सामने गली में विवाद को लेकर छोटू राधे उर्फ अविनाश व अन्य के द्वारा लडाई झगडा कर मारपीट करने से हाथ मुक्का डण्डा और किसी धारदार वस्तु से वार करने से महेश उर्फ छोटू साहू की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने आरोपी छोटू राधे उर्फ अविनाश व अन्य के पतासाजी कर रही थी। तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सहआरोपी शैलेन्द्र सोनी उर्फ बादी 33 वर्ष निवासी शकरपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ किया, तो बताया कि चिकन पार्टी करते हुये शराब के नशे में आरोपी छोटू राधे उर्फ अविनाश से सिगरेट मांगने पर मृतक छोटू महेश और उसका दोस्त का छोटू राधे से विवाद होने से छोटू राधे, बादी सोनी, व अन्य साथ मिलकर हाथ मुक्का डण्डा व धारदार वस्तु से मारकर अलग-अलग भाग जाना बताया। अपराध स्वीकार करते हुये घटना में प्रयुक्त डण्डा को बरामद कराया। वहीं पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

# राधिका खेड़ा के समर्थन में उतरीं बीजेपी विधायक, बोलीं- यह मोदी और साय की गारंटी है, आपको कुछ नहीं होगा

**रायपुर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के साथ कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में हुए दुर्व्यवहार के मामले में राजनीति तेज हो गई है। भाजपा की विधायक भावना बोहरा अब राधिका खेड़ा के समर्थन में उतर आई हैं। भाजपा विधायक बोहरा ने राधिका खेड़ा के साथ दुर्व्यवहार मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तंज कसा है। बोहरा ने सवाल किया कि आखिर प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय नेता तक हर बार बघेल पर ही ठीकरा क्यों फोड़ रहे हैं? कांग्रेस नेत्री प्रियंका वाड्रा क्या इस मामले में कारगर कार्रवाई करके साहसपूर्ण संदेश देंगीं?

भाजपा विधायक बोहरा ने कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा के एक्स हैंडल पर किए गए पोस्ट का उल्लेख किया, जिसमें खेड़ा ने कहा है- दुशील को लेकर कका का मोह एक लड़की की इज्जत से बढ़कर है। सुश्री खेड़ा ने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जी के ननिहाल में दीदी का स्वागत करते हुए कहा है कि लड़की हूँ, लड़ रही हूँ।





### प्रियंका वाड्रा की चुप्पी पर उठाए सवाल

विधायक बोहरा ने कहा कि इस घमासान का आज तीसरा दिन है, लेकिन कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व खामोश है। महिलाओं के सम्मान, उनके लिए महालक्ष्मी न्याय योजना और लड़की हूं, लड़ सकती हूं का ढोल पीट रही कांग्रेस और प्रियंका वाड्रा यह बताएं कि जब कांग्रेस में ही महिला नेत्रियों का सम्मान सुरक्षित नहीं है, राष्ट्रीय स्तर की नेत्री को ही न्याय के लिए तीन दिन का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, वह कांग्रेस देश की महिलाओं के सम्मान की रक्षा और उनके साथ क्या खाक न्याय करेंगे? भाजपा विधायक बोहरा ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री बघेल आखिर क्यों अपनी ही पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता के अपमान की कीमत पर किसी के प्रति मोहग्रस्त हैं? इससे पहले कांग्रेस के प्रभारी महासचिव अरुण सिसौदिया ने और उससे पहले सुरेंद्र वैष्णव ने बघेल पर निशाना साधा था और अब राष्ट्रीय प्रवक्ता ने उन पर कटाक्ष किया है।

### भाजपा विधायक ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर भी किया प्रहार

भावना बोहरा ने कहा कि भूपेश बघेल तो स्वयं अशिष्ट व्यवहार करते हुए भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में एक महिला को ए लड़की कहकर अपमानित कर चुके हैं, तो क्या अब बघेल राधिका खेड़ा को भी उसी भाषा में नसीहत देंगे कि ए लड़की, ज्यादा राजनीति मत कर। भाजपा विधायक बोहरा ने कहा कि कौशल्या मां की धरती पर अगर कांग्रेस की ही राष्ट्रीय नेता दुखी है तो हमारा भी मन विचलित होता है। राधिका खेड़ा को कांग्रेसियों से बचने की सलाह देते हुए बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार के रहते उनको कुछ नहीं होगा, यह मोदी की गारंटी है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन की गारंटी है।

### युवक पर चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** जिले के कोतवाली पुलिस के टीम ने युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से बटनदार चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पीडि़त का आरोपी के शादीशुदा बहन के साथ प्रेम प्रसंग था, जिसको पीडि़त पहले अपने साथ भगा कर ले गया था। कुछ दिन बाद वापस आने के बाद आरोपी के परिजन उनको ससुराल भेज दिये थे। पीडि़त द्वारा प्रेम प्रसंग के चलते आरोपी के बहन के नाम के लिखवाये गोदना को मोहल्ले के लोगों को दिखाता था। जिससे आरोपीगणों को शर्मिंदगी महसूस होता था। उसी बात के गुस्से एवं पुराने रंजिश को लेकर कल आरोपी अजय सिन्हा 23 वर्ष निवासी सुंदरगंज वार्ड सिहावा के द्वारा प्रार्थी को देखकर धारदार स्प्रिंगदार चाकू से हत्या करने के नियत से प्राणघातक वार कर प्रार्थी के बांये पीठ, दाहिने सिर, दाहिने कोहनी व बांये हाथ के अंगूली में मारकर गंभीर चोट पहुंचाया है। प्रार्थी को परिजन लोग इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया है। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# इंस्टाकार्ड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में लाखों की चोरी

## खिड़की का ग्रील तोड़कर चोरों ने दिया वारदात को अंजाम, पुलिस जांच में जुटी



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में बीती रात अज्ञात चोरों ने रायगढ़-जशपुर मार्ग के ढिमरापुर में स्थित इंस्टाकार्ड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के ऑफिस के पीछे की खिड़की का ग्रील तोड़कर लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक के अलावा साइबर की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीती रात अज्ञात चोरों ने ढिमरापुर चैक में स्थित इंस्टाकार्ड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के ऑफिस के पीछे की खिड़की का ग्रिल तोड़कर अंदर रखे करीब 10 लाख रुपए से अधिक की नगदी रकम लेकर फरार हो गए। इस घटना की जानकारी आज सुबह वह वक्त लगी जब इंस्टाकार्ड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में काम करने वाले लोग आफिस पहुंचे। जिसके बाद उन्होंने तत्काल इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। लाखों की चोरी की जानकारी मिलते पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।




### पुलिस अधीक्षक पहुंचे मौके पर

बीती रात इंस्टाकार्ड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के ऑफिस लाखों की चोरी जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचकर अज्ञात चोरों की पतासाजी में जुट गए हैं।

### सीसीटीवी कैमरों की ली जा रही

अज्ञात चोरो को पकड़ने के लिये पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही ताकि चोरों के बारे में जानकारी मिल सके जिससे उन तक पहुंचने में आसानी हो सके। साथ ही साथ साइबर टीम एवं पुलिस के द्वारा मुखबिरों का जाल बिछाकर अज्ञात चोरों की पतासाजी की जा रही है।

# न्याय संकल्प सभा में भाजपा पर जमकर बरसी प्रियंका गांधी

## कहा- भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान की बात की इसलिए उन पर हुआ सबसे ज्यादा हमला

**चिरमिरी।** प्रियंका गांधी ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र के चिरमिरी में न्याय संकल्प सभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रियंका गांधी ने बीजेपी और पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा आपका जो छत्तीसगढ़िया सम्मान, स्वाभिवान है उसका देश भर में नाम बना है. भूपेश बघेल ने खूब कोशिश की आपके प्रदेश को आगे बढ़ने की. मेरे ख्याल से उन्हीं कोशिशों की वजह से सबसे ज्यादा आक्रमण उन पर हुआ है. उन्होंने जो छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान की बात उठाई ये पहली बार पूरे देश में फैली. दिल्ली में भी लोगों ने सभी ने देखा सुना छत्तीसगढ़ के बारे में. उन्होंने कहा मैं कहीं भी जाती थी तो सुनती थी की वहां पर बहुत तरक्की हो रही है. जब ये काम आपके प्रदेश में तेजी से होने लगा तो बाकी जो राजनीतिक दल हैं खास करके भाजपा को ये पसंद नहीं आई. क्योंकि उनकी राजनीति कुछ अलग है।



उन्होंने कहा आप गहराई से समझिए कि आज देश में किस तरह की राजनीति चल रही है. देश में कैसे नेताओं पर आक्रमण हो रहा है, कैसे नेताओं को आगे बढ़ाया जा रहा है. यह आपको समझना बहुत जरूरी है. चिरमिरी में सबसे पुराना जो कोयला का खदान है, यही है कि नहीं एक सौ वर्ष पहले यह बनाया गया. कोयले का क्षेत्र को आगे इंदिरा गांधी जी ने बढ़ाया।

उन्होंने कहा कि दादी इंदिरा गांधी हमेशा कहती थी कि जो हमारे आदिवासी भाई बहने है उन्होंने हमेशा प्रकृति का आदर किया है. संस्कृति यह सिखाती है कि सब आपस में खुशी से रहेंगे तभी इंसान आगे बढ़ेगा. प्रकृति का देखभाल करते हुये अच्छा रखते हुये सामाज को आगे बढ़ाते है. बचपन में इंदिरा गांधी ने मुझें बताया था कि जब-जब आदिवासी क्षेत्र में जाती थी आदिवासी आदिवासी भाई, बहने कुछ देते थे हमेशा अच्छी तरह से सजा कर घर में रखती थी. इंदिरा जी के घर में आज भी छत्तीसगढ़ के जो आदिवासी बहने उनकी कला और उनकी हस्तकला प्रेम पूर्वक दिया था. उनकी म्यूजियम बना है वहां देखने को मिलेंगे. यहां की जो धरती है यहां मजदूर यूनियन के जन्मदाता पंडित रामकुमार दुबे जी रहते थे यह उनकी जन्मभूमि है. शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाले विभूति भूषण की भी जन्मभूमि है. यह प्रकृति संसाधनो से भरपूर धरती है. यहां के लोग बहुत मेहनती है. छत्तीसगढ़ में हर प्रदेश के लोग रहते है और यहां के लोगो में स्वाभिमान और सम्मान भरा पढ़ा है. छत्तीसगढ़ के पूर्व कांग्रेस सरकार में बहुत तरक्की हुयी है. जब तेजी से छत्तीसगढ़ में विकास होने लगा तो भाजपा को पसंद नहीं आया उनकी राजनीति अलग है आज देश में इस तरह की राजनीति कर रहे है. राजनीतिक दलों के लोगो पर आक्रमण हो रहा है. चिरमिरी में कोयला का खदान सबसे पुराना है. यहां के कोयला के खदान है उसे इंदिरा गांधी ने आगे बढ़ाया है. उन्होंने खदानों का राष्ट्रीयकरण कराया है ताकि वहां के लोगो को रोजगार मिले और लोगों के जीवन में खुशहाली आए।

आज देश में जिस तरह की राजनीति है मजदूरों, किसान, गरीबों के विरूद्ध राजनीति चली है. जनता को गहराई से इस बात को समझना चाहिये कि मोदी जी सभी क्षेत्रो में निजीकरण कर रहे है. बड़े-बड़े खदाने अडानी को दे दी गयी है. कांग्रेस द्वारा कोरबा में बड़े-बड़े थर्मल पावर बनाये गये है. मोदी देश की संपत्ति को बेच रहे है. आज श्रमिकों का ठेकेदारी के द्वारा शोषण हो रहा है. कई लोगों की जमीने खदानो के लिये दी गयी और अब उन्हें आज तक मुआवजा नहीं मिला है। संविधान में लोगो की सबसे बड़ी शक्ति यह मिली है कि वह स्वतंत्र रूप से वह अपने नेता चुन सके. भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति करती है. भाजपा में देश की संस्कृति सुरक्षा नहीं है. जितने भी स्वतंत्रता सेनानी थे उन्होंने अपनी सारी धन दौलत आंदोलनों में लुटा दिया। स्वतंत्र सेनानियों के खूनो से देश को आजादी मिली. कांग्रेस की सरकार बनने पर न्याय की 5 गारंटी पूरी होगी। पीएम मोदी ने रोजगार के माध्यम बंद कर दिये. केंद्र में कांग्रेस सरकार बनने पर नारी न्याय के माध्यम से महिलाओं को सालाना 1 लाख देगी और सरकारी नौकरी में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा. मोदी ने अरबपतियों से चंदा लिया है. ऐसे कंपनियो से चंदा लिया है जिन पर उन्होंने पहले छापा मारवाया और चंदा लिया, उन पर केस बनाया, उनके बाद उनके केस भी बंद कर दिये और छापा मारना भी बंद कर दिया. कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों के लिये एमएसपी का कानून बनाया जायेगा. खेती के जितने भी उपकरण है उस पर से जीएसटी हट जायेगा. किसानों का फसल नुकसान होता है तो 30 दिनों के अंदर नुकसान का भुगतान हो जायेगा।




## सम्पति चौरे की कलम से गजल

मेहनत मजदूरो की बेकार नही जायेगी
जिंदगी अब उसकी लाचार नही जायेगी।
मौसम की हर परिस्थितियो को सहता है
मंहगाई सरकार की स्वीकार नही जायेगी।
पेट की भूख मिटाने को करता है परिश्रम
पसीना कम भावो में बाज़ार नही जायेगी।
कलम किताबो के लिए मजबुर हो गए।
मासूम बच्चो के कभी संस्कार  एलनही जायेगी।
मन के अमीर मजदुर अपमान भी सहते है
पर अच्छे दिनो की इंतजार  नही जायेगी।
कांधे पर बोझ उठा चलता पैदल पथ पर
ख्वाब महलो के कभी साकार नही जायेगी।
श्रमिको की मेहनत से चलती सारी दुनिया
उनके चेहरो से अब मुस्कान नही जायेगी।

## शिव अराधना

शिव-शिव-शिव, शिव निराकार है।
शिव की महिमा, जगत में अपार है।
त्रिलोचन से बड़ा न कोई दानी,
जग के पालनहार है।
हिंसा अंहकार का दमन करते पापियों के संहारक है।
घोर निराशा पल जैसे, आशा का संवाहक है।
मन मेरा बना शिवालय, चरणो में मुक्तिद्वार है।
संपूर्ण सृष्टि पर अधिकार, तपस्वी त्यागी महाकाल, अविनाशी है।
नश्वरता जीवन का अनंत सत्य, सौम्य रुद्र भयंकर है।
कैलाश निवासी भोले, अलख निरंजन है।
शिश पर चांद शोभे, जटा मे गंगा विराजे है।
काम क्रोध लोभ और मद का धरते रूप  अनोखे है।
जिस पर हो शंभू की कृपा-दृष्टि वो पल तर जायेगा।
जन्म मृत्यु के सारे बंधन से मुक्त हो जायेगा।

# पीसीसी चीफ दीपक बैज का भाजपा पर हमला, बीजेपी लोकसभा प्रत्याशी को बताया थप्पड़ मारने वाली दीदी

**मनेन्द्रगढ़।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मतदान तिथि नजदीक आती जा रही है. ऐसे में सभी दलों के स्टार प्रचारकों का चुनावी दौरा प्रदेश में जोरों पर है. इसी कड़ी में आज कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी की आमसभा चिरमिरी में हुई. यहां कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सभा को संबोधित किया. उन्होंने भाजपा पर हमला बोला. उन्होंने भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडे को लेकर तंज कसा। उन्होंने सरोज पांडे को थप्पड़ मारने वाली दीदी बताया. दीपक बैज ने कहा कि सरोज दीदी दुर्ग से थप्पड़ मारकर कोरबा लोकसभा क्षेत्र आई हैं. आप लोगों को ध्यान रखना है कि थप्पड़ मारने वाली सरोज दीदी चाहिए की विकास करने वाली ज्योत्सना दीदी।



# शराब घोटालाः ढेबर समेत तीन आरोपियों की न्यायिक रिमांड 14 दिन तक बढ़ी, पप्पू ढिल्लन 6 दिन के लिए ईओडब्ल्यू की रिमांड पर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू ने जेल में बंद आरोपी अनवर ढेबर, अरविंद सिंह और अरुण पति त्रिपाठी को विशेष कोर्ट में पेश किया. कोर्ट ने न्यायिक रिमांड बढ़ाते हुए दोबारा तीनों को 14 दिन के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा. त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ पप्पू ढिल्लन को भी 6 दिन के लिए रिमांड पर भेजा गया। वहीं अनवर ढेबर ने कोर्ट में जमानत याचिका लगाई है. इस पर कोर्ट ने 4 मई को सुनवाई की तारीख तय की है. आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ पप्पू ढिल्लन को भी कोर्ट में पेश किया गया. कोर्ट ने 6 दिन यानी 8 मई तक ढिल्लन की रिमांड बढ़ाते हुए ईओडब्ल्यू को सौंपा।

# प्रियंका गांधी के दौरे पर विधायक अजय चंद्राकर ने कसा तंज, कहा- राधिका खेड़ा को दिलाएं न्याय

**रायपुर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आज छत्तीसगढ़ दौरे पर रहीं. उन्होंने कांग्रेस की कोरबा लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना महंत के पक्ष में प्रचार किया. वहीं प्रियंका गांधी के दौरे को लेकर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने बयान देते हुए तंज कसा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कई गारंटी की घोषणा की है. जो छत्तीसगढ़ के लिए स्पेशल होना चाहिए. प्रियंका गांधी को घोषणा करनी चाहिए. मंच से राधिका खेड़ा को न्याय दिलाया जाएगा. जो दोषी है, अपमान करने पर उनके ऊपर कार्रवाई करनी चाहिए. छत्तीसगढ़ के आचरण और व्यवहार, संस्कृत में ऐसी बात नहीं है. कांग्रेस ने एक बाहर के नेत्री को यहां बुलाकर अपमानित किया है. पूरे छत्तीसगढ़ को शर्मसार कर दिया है।





# सीएम साय ने कांग्रेस पर बोला हमला, कहा- 55 साल में 80 बार किया संविधान संशोधन, अब फैला रहे गलतफहमी

**सक्ती।** सीएम विष्णुदेव साय ने कांग्रेस को लेकर बड़ा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग संविधान को लेकर गलतफहमी पैदा कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि 55 साल में कांग्रेसियों ने 80 बार संविधान में संशोधन किया. कांग्रेस संविधान से खिलवाड़ करती है. सीएम साय ने कहा कि इमरजेंसी में गैर कांग्रेसी को जेल में डाल दिया था. कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के भगवान शिव और प्रभु श्रीराम वाले बयान पर सीएम ने कहा कि इनके पास बोलने के लिए कुछ और बचा ही नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पांच साल छत्तीसगढ़ को लूटा. 55 से 60 साल तक देश को लूटा है. इनके प्रधानमंत्री पर करप्शन के आरोप लगे हैं. चाहे पं. नेहरू हो, चाहे इंदिरा गांधी हो, चाहे राजीव गांधी हो या मनमोहन सिंह हो, इनके सत्ता काल में तो रोज भ्रष्टाचार होता था. जांजगीर के कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी पर सीएम साय ने निशाना साधते हुए कहा कि पहले भी सांसद का चुनाव लड़ चुके हैं पर कभी क्षेत्र में पलट कर नहीं देखा. छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री थे, सरकारी बंगले से सामान ले गए थे. उनकी पत्नी शासकीय भवन को अपना दफ्तर बना रखी थीं।



अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547